दैनिक
विश्वनाथ समाचार
RNI NO. MPHIN/25/A4357
संदीप परमार (सेन)
(प्रधान संपादक)
मो. 9755161156
www.vishwanathsamachar.com | इंदौर, मंगलवार 17 नवम्बर 2026 | वर्ष 1 | कुल पृष्ठ : 8 | DIGITAL EDITION

मोदी का फिलीपींस दौरा आज से, आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल, रिश्तों को मिलेगी नई दिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिवसीय फिलीपींस दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान वह आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। भारत और आसियान देशों के बीच आर्थिक, सामरिक और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना इस दौरे के प्रमुख एजेंडे में रहेगा।

दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत की बढ़ती भूमिका के बीच प्रधानमंत्री का यह दौरा अहम माना जा रहा है। सम्मेलन में क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, डिजिटल सहयोग और आपसी



साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। फिलीपींस दौरा भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। आसियान भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक और आर्थिक साझेदार है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की बैठकों पर सभी की नजर रहेगी। माना जा रहा है कि दौरे से भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच सहयोग को नई गति मिल सकती है।

यूपी के रण में एमपी की फौज

5000 से ज्यादा नेता-कार्यकर्ता संभालेंगे मोर्चा, जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने की तैयारी



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की गर्मी मध्य प्रदेश तक पहुंच गई है। भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अपने-अपने स्तर पर एमपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को यूपी के चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्य प्रदेश से 5 हजार से ज्यादा जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता यूपी चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। भाजपा ने खास तौर पर मध्य प्रदेश के बड़े नेताओं को अलग-अलग इलाकों की जिम्मेदारी देने की तैयारी की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा, राजेंद्र शुक्ल समेत कई नेताओं के नाम सामने आए हैं। पार्टी यादव, ब्राह्मण और विभिन्न पिछड़ी जातियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में नेताओं की तैनाती के जरिए सामाजिक समीकरण साधने की रणनीति बना रही है।

दूसरी ओर कांग्रेस और सपा भी संगठन मजबूत करने में जुटी हैं। यूपी में दोनों दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत तेज है और 17 नवंबर को अहम बैठक प्रस्तावित है। यूपी का चुनाव अब सिर्फ लखनऊ का मुकाबला नहीं रह गया। एमपी के नेता भी मैदान में उतरेंगे और पड़ोसी राज्य की राजनीति में अपनी ताकत आजमाएंगे।

गुजरात में चुनाव से पहले सियासी घमासान

अहमदाबाद। गुजरात में भाजपा के टिकट के लिए सूत ना कपास जुलाहे लठ्ठम लठ्ठ वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। सरकार व संगठन जहां चुनावी वार्म अप में जुटे हैं वहीं कोली समाज के दो मंत्री कुंवरजी बावलिया व परसोत्तम सोलंकी में समाज के कोटे से टिकट के लिए रस्साकशी शुरु हो गई है। बावलिया ने समाज का सम्मेलन बुलाया उसी दौरान सोलंकी के समर्थकों बावलिया के स्थान पर सोलंकी के पुत्र को टिकट की मांग उठाते हुए बावलिया को सेवानिवृत्ति की नसीहत भी दे डाली।

कलह छोड़ो, समाज जोड़ो मोहन भागवत बोले-जाति, भाषा और क्षेत्रवाद से ऊपर उठें, कौरवों जैसी आपसी लड़ाई से बचें

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने समाज में एकता की जरूरत बताते हुए जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर होने वाले विभाजन से बचने की अपील की। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि पांडवों ने मतभेदों के बावजूद एकता बनाए रखी, जबकि कौरव आपसी कलह में उलझे रहे और अंततः उनका पतन हुआ।

भागवत ने कहा कि समाज की ताकत



उसकी एकजुटता में है। जातीय और क्षेत्रीय पहचान को संघर्ष का कारण बनाने के बजाय सभी को व्यापक सामाजिक हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने आपसी विवादों को बढ़ाने वाली मानसिकता से सावधान रहने की बात कही।

उनका संदेश ऐसे समय आया है जब राजनीति और सामाजिक जीवन में जाति, भाषा और क्षेत्र को लेकर बहस लगातार तेज है। सवाल यही है कि पहचान की राजनीति समाज को मजबूत करेगी या उसे अलग-अलग खांचों में बांट देगी। एकजुट समाज ही किसी भी चुनौती का मजबूती से सामना कर सकता है।

मथुरा में भाजपा का मेगा मंथन

यूपी चुनाव 2027 के लिए बनेगा रोडमैप, इसी रणनीति पर आगे बढ़ेगी पार्टी



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सोमवार से मथुरा में पार्टी की दो दिवसीय अहम बैठक शुरू होने जा रही है। बैठक में संगठन को चुनावी मोर्चे पर मजबूत करने से लेकर आगामी रणनीति तक कई मुद्दों पर मंथन होगा। मथुरा में होने वाली बैठक को भाजपा की चुनावी तैयारियों की दिशा तय करने वाला अहम पड़ाव माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व प्रदेश में संगठन की स्थिति, जमीनी सक्रियता और चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर आगे की रणनीति तैयार करेगा। बैठक में तय होने वाली योजना के आधार पर पार्टी आने वाले महीनों में अपनी चुनावी गतिविधियों को आगे बढ़ाएगी। 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में मथुरा की बैठक से निकलने वाले फैसलों पर राजनीतिक गलियारों की नजर रहेगी।

दैनिक
विश्वनाथ समाचार
इंदौर, मंगलवार 17 नवम्बर 2026

दिन में गर्मी रात में ठंड

बाजारों में लौटी सर्दी के जायकों की रौनक

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। दिन में तेज धूप और सुबह-रात ठंडी हवाओं के साथ सर्दी की आहट महसूस होने लगी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 31.2 और न्यूनतम 14 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम बदलते ही बाजारों में गजक, गुड़, तिल की चिक्की, मूंगफली, खजूर और सूखे मेवों की मांग बढ़ गई है। मुख्य बाजार से लेकर गली-मोहल्लों तक ठेलों पर इनकी बिक्री हो रही है।

सूखे मेवों के दाम 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़े हैं

इसलिए लोग गुड़ की चिक्की, मूंगफली की गजक और तिल के लड्डू जैसे किफायती विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं। दिन-रात के तापमान में अंतर से सर्दी-खांसी और वायरल का खतरा बढ़ा है। बच्चों और बुजुर्गों को सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनने और लक्षण दिखने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई है।

पुराना बरगद का पेड़

उम्र के साथ जर्जर हो रहा वर्षो पुराना बरगद, जमीन तक लटक आईं विशाल डालियां

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

बेटमा। वर्षों से विशाल छांव और प्राकृतिक विरासत के रूप में पहचान रखने वाला एक पुराना बरगद का पेड़ अब उम्र के साथ जर्जर होता दिखाई दे रहा है। पेड़ की विशाल डालियां नीचे की ओर झुककर जमीन तक पहुंचने लगी हैं।ग्रामीणों के अनुसार बरगद अब अंदर से धीरे-धीरे खोखला होता जा रहा है। तने और अंदरूनी हिस्से में कमजोरी आने की आशंका है।





ग्रामीणों का मानना है कि

समय रहते जांच और देखरेख नहीं हुई तो तेज हवा या आंधी में कमजोर डालियां टूटकर गिर सकती हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि पेड़ को काटने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण किया जाए।

संबंधित विभाग तकनीकी निरीक्षण कराए, कमजोर और सूखी शाखाओं की सुरक्षित छंटाई कराए तथा तने की मजबूती की जांच कराए, ताकि पेड़ को बचाने के साथ किसी संभावित दुर्घटना को भी रोका जा सके।

बिजलपुर में भाजपा किसान मोर्चा

दीपावली मिलन एवं किसान सम्मान समारोह संपन्न

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। राऊ विधानसभा अंतर्गत बिजलपुर में भाजपा किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा द्वारा आयोजित दीपावली मिलन एवं किसान सम्मान समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में किसानों का सम्मान कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। दुग्ध उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बाद में सभी ने सहभोज में सहभागिता की।मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा रहे। विशेष अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, राऊ विधायक मधु वर्मा एवं पूर्व विधायक जितु जिराती उपस्थित रहे।जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। किसान देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं।कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में किसान सर्वोपरि हैं।



केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है

राऊ विधायक मधु वर्मा ने खाद पर दी जा रही सब्सिडी एवं भूमि अधिग्रहण में मुआवजा चार गुना किए जाने का उल्लेख किया।कार्यक्रम में देवगुराड़िया निवासी कांग्रेस नेता हिमांशु पटेल ने अपनी पूरी टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल, प्रदेश मंत्री सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश मंत्री एवं इंदौर संभाग प्रभारी राजिव पटेल, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष श्रेष्ठा जोशी, एमआईसी सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा, विजय पाटीदार, गणपत सिंह गौड़, कैलाश चौधरी, पार्षद ओमप्रकाश आर्य, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जायसवाल, नीरज नागदावाला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बनेडिया तालाब में नर्मदा का पानी छोड़ने की मांग



संदीप परमार (सेन)
प्रधान संपादक-9755161156

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com



विधायक मनोज पटेल



राधेश्याम ठाकुर
जि. पंचायत सदस्य इंदौर

इंदौर। देपालपुर क्षेत्र में गिरते भूजल स्तर और गहराते जलसंकट को देखते हुए प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बनेडिया तालाब को नर्मदा के जल से भरने की मांग उठी है। जिला पंचायत सदस्य राधेश्याम ठाकुर ने विधायक मनोज पटेल को पत्र लिखकर शासन स्तर पर पहल करने का आग्रह किया है। ठाकुर ने कहा कि तालाब में नर्मदा का जल पहुंचने से भूजल स्तर को संबल मिलेगा। इससे देपालपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को पेयजल, सिंचाई और पर्यावरण के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। गर्मी में जलस्तर गिरने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित होती है। तालाब भरने से कुओं और बोरवेल को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त जलस्रोत मिलेगा। मवेशियों और पक्षियों को भी स्थानीय स्तर पर जल उपलब्ध होगा। ठाकुर ने तकनीकी सर्वेक्षण, पाइपलाइन अथवा अन्य उपयुक्त जल संरचना, बजट और प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है।

बनेडिया क्षेत्र में सूखे जैसे हालात,

गिरते जलस्तर और फसल रोग ने किसानों की बढ़ाई मुश्किलें

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। बनेडिया क्षेत्र में इस वर्ष बारिश की कमी का असर खेती पर साफ दिखाई देने लगा है। खेतों की नमी घट रही है, वहीं कुएं, बोरवेल और तालाबों का जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। कई जलस्रोत सूखने की कगार पर हैं। किसानों के सामने खड़ी फसलों को बचाने का संकट खड़ा हो गया है। पानी की कमी के कारण किसान फव्वारा और ड्रिप पद्धति से कम पानी में सिंचाई कर फसल बचाने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि क्षेत्र को अब तक नर्मदा सिंचाई योजना का लाभ नहीं मिला है। खेती आज भी बारिश और स्थानीय जलस्रोतों पर निर्भर है। बनेडिया को नर्मदा सिंचाई परियोजना से जोड़ने से सूखे जैसे हालात में भी स्थायी सिंचाई सुविधा मिल सकती है।

पानी की कमी के बीच चने की फसल में उखटा रोग का प्रकोप बढ़ गया है। कई खेतों में पौधे सूख रहे हैं। दवाओं के छिड़काव के बाद भी नियंत्रण नहीं मिल रहा है। इससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

किसान महेश पटेल और बद्रीलाल प्रधान ने बताया कि सोयाबीन की बोवनी के समय पर्याप्त बारिश नहीं होने से दो से तीन बार दोबारा बोवनी करनी पड़ी। सरसों की फसल ठीक से नहीं उगी तो खेत की हकाई कर दोबारा गेहूं की बुवाई करनी पड़ी। अब गेहूं को बचाने के लिए ड्रिप सिंचाई का सहारा लेना



पड़ रहा है। बोरवेल में पानी नहीं होने से दूसरी फसल का विकल्प भी सीमित हो गया है।

किसानों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से विशेष राहत पैकेज जारी करने और बनेडिया को नर्मदा सिंचाई योजना से जोड़ने की मांग की है।

कृषि विस्तार अधिकारी सोनम तिवारी ने चना एवं मसूर की फसलों को उखटा रोग से बचाने के लिए बुवाई से पहले बीज उपचार की सलाह दी है। उन्होंने ट्राइकोडर्मा और विभाग द्वारा सुझाए गए फफूंदनाशकों के उपयोग की बात कही है।

जल संरक्षण को लेकर निगम का जागरूकता अभियान, सड़क पर पानी बहाने वालों पर चालानी कार्रवाई

16 नागरिकों के विरुद्ध बनाए चालान



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा विगत दिनों जोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 62 में किए गए निरीक्षण के दौरान सड़क पर पानी बहाने वाले नागरिकों को समझाइश देने तथा जल की बर्बादी रोकने के लिए निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में उपयंत्री सौरभ समैया, सहायक सीएसआई चेतन, जल प्रदाय विभाग की टीम एवं टीम MUSE द्वारा विगत दो दिनों से संबंधित क्षेत्र में नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सड़क पर पानी नहीं बहाने की समझाइश दी जा रही थी। नगर निगम द्वारा निजी नलों में टोंटियां लगवाए जाने के बावजूद कुछ नागरिकों द्वारा सड़क पर पानी बहाकर जल की बर्बादी की जा रही थी। इसी क्रम में सोमवार को प्रातः जोनल अधिकारी राहुल सूर्यवंशी के निर्देशानुसार मुराई मोहल्ला, गली नंबर 2 में जलप्रदाय के दौरान सड़क पर पानी बहाने एवं जल की बर्बादी करने वाले नागरिकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 16 चालान बनाए गए। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि पेयजल का उपयोग आवश्यकतानुसार ही करें तथा सड़क पर पानी बहाकर जल की बर्बादी न करें। जल संरक्षण में सहयोग करें और शहर की स्वच्छता एवं व्यवस्था बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

20 नवंबर को मनेगी देवउठनी एकादशी, जागेंगे भगवान विष्णु

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। देवउठनी एकादशी इस वर्ष 20 नवंबर, शुक्रवार को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा से जागेंगे और चातुर्मास समाप्त होने के साथ विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। एकादशी तिथि 20 नवंबर सुबह 7:15 बजे से 21 नवंबर सुबह 6:31 बजे तक रहेगी।

व्रत 20 नवंबर को रखा जाएगा और पारण 21 नवंबर को होगा। इस दिन घरों और मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजा और तुलसी-शालिग्राम विवाह के आयोजन होंगे। शाम को गोधूलि बेला में शंख-घंटा बजाकर भगवान को जगाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नवंबर में 21, 24, 25 और 26 नवंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास के कारण मांगलिक कार्य रुकेंगे।

»» प्रमुख मुहूर्त: ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:01 से 5:44, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:45 से 12:28, गोधूलि मुहूर्त शाम 5:26 से 5:52 बजे तक।

युवा शंखनाद

यात्रा में उमड़ा युवाओं का जनसैलाब



विशाल चांदना
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

सांवेर। ग्राम मांगलिया में भाजयुमो इंदौर ग्रामीण के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय सिंह पंवार और महामंत्री विजेंद्र सिंह जाट के दायित्व बोध कार्यक्रम के तहत युवा शंखनाद आभार यात्रा एवं युवा समागम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देपालपुर, सांवेर, महू, बेटमा, मानपुर, शिप्रा, गौतमपुरा सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता पहुंचे। पंवार ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर युवा मोर्चा की सक्रिय टीम बनाई जाएगी और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।


कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, विधायक उषा ठाकुर, मनोज पटेल, मधु वर्मा सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।











दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, मंगलवार 17 नवम्बर 2026

गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर ट्रांसपोर्ट कारोबारी से 10 करोड़ की फिरौती मांगी

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। ट्रांसपोर्ट कारोबारी संजय भूरिया को पुर्तगाल के अंतरराष्ट्रीय नंबरों से धमकी भरे कॉल कर 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई। कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा का हैंडलर बताकर रकम देने का दबाव बनाया। रकम नहीं देने पर गोली मारने और घर से अपहरण करने की धमकी भी दी गई। जानकारी के अनुसार पिछले चार दिनों से अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय नंबरों से कॉल आ रहे थे। कॉल करने वाले ने अपनी पहचान सागरसिंह शेखावत के रूप में बताई और खुद को रोहित गोदारा गैंग का हैंडलर बताया। परेशान



कारोबारी ने धमकी भरे कॉल की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखकर पुलिस को सौंप दी। इंदौर क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में वीपीएन नेटवर्क अथवा अन्य तकनीकी माध्यमों के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है, ताकि कॉल करने वाले की वास्तविक लोकेशन और पहचान छिपाई जा सके। पुलिस कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में मोबाइल चोरों का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ाया



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खजराना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सी-21 एस्टेट ग्राउंड से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नाजिम निवासी दिल्ली और सुरेंद्र निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने गोल्ड और सिल्वर पास लेकर कॉन्सर्ट में प्रवेश किया था। भीड़ का फायदा उठाकर वे लोगों की जेब से मोबाइल पार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल छह मोबाइल बरामद किए हैं, जिनमें तीन आईफोन और तीन सैमसंग मोबाइल शामिल हैं। बरामद मोबाइल के वास्तविक मालिकों का पता लगाया जा रहा है।

पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि आरोपी अकेले थे या उनके साथ अन्य सदस्य भी सक्रिय थे। चोरी के मोबाइल की खपत और संभावित नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

13 डिग्री की सर्द सुबह, ठंडे पानी में दो घंटे की साधना...

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ छठ महापर्व



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

पीथमपुर। सोमवार सुबह 13 डिग्री सेल्सियस की सर्दी में भी व्रती महिलाएं और पुरुष करीब दो घंटे तक ठंडे पानी में खड़े रहकर सूर्यदेव की आराधना करते रहे। संजय जलाशय, काकड़पुरा तालाब और बगदून तालाब पर सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का विधि-विधान से समापन हुआ। इसके बाद व्रतियों ने पारण कर अपनी कठिन साधना पूरी की। बांस के सूप और दउरा में फल, नारियल, गन्ना, ठेकुआ और अन्य पारंपरिक प्रसाद सजाए गए थे। व्रतियों ने घुटनों तक ठंडे पानी में खड़े होकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। खरना के बाद शुरू हुए लगभग 36 घंटे के निर्जला उपवास का पारण भी अर्घ्य के बाद किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीएसपी कमल सिंह चौहान और सेक्टर-1 थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे पुलिस बल के साथ लगातार व्यवस्था पर नजर बनाए रहे। इस दौरान भीड़ में बिछड़े 13 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने करीब आधे घंटे के भीतर खोज लिया। बच्चा अपने घर चला गया था। उसके सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली।

नगर पालिका की ओर से की गई व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालुओं ने संतोष जताया। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश पटेल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरती गरवाल ने आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संजय जलाशय में नर्मदा का पानी छोड़े जाने की पहल भी श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी रही। अर्घ्य के बाद घाटों पर प्रसादी वितरण किया गया और कई स्थानों पर आतिशबाजी भी हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल, अमृत जैन, राकेश असोलिया, जीवन रघुवंशी, कमल पटेल, नानू थोरात, हरपाल सिंह चंदेल और पप्पू असोलिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जीवन रघुवंशी के नेतृत्व में केले का वितरण किया गया।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश





जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

धार। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अखिलेश कुमार जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर मीना ने जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आपसी समन्वय एवं बेहतर तालमेल के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगामी मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का आयोजन सादलपुर में किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन के साथ ही नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को 30 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने समग्र आईडी विहीन गर्भवती महिलाओं के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने बंद नल-जल योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कर पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए। पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत स्थापित कंट्रोल रूम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पानी की टंकियों में अलार्म सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए, जिससे टंकी भरने पर तत्काल मोटर बंद की जा सके और पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सके। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी कार्य को मिशन मोड में संचालित करने तथा शासकीय भूमि आवंटन से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

शराब ठेकेदार का नेटवर्क गुजरात तक!

आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है पूरा खेल?



जीवन डोडिया-9926084685
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

मां कालका लिकर गैलरी के ठेकों पर उठे गंभीर सवाल, शोभित यादव की भूमिका जांच के दायरे में लाने की मांग

नावदापंथ-माचल शराब दुकान पर अनदेखी, आबकारी विभाग की चुप्पी पर सवाल; क्या किसी बड़ी घटना के बाद जागेगा महकमा?



इंदौर। मध्यप्रदेश में शराब कारोबार की आड़ में कथित अवैध गतिविधियों और गुजरात तक फैले सप्लाई नेटवर्क को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इंदौर जिले में संचालित कई शराब ठेकों को लेकर मां कालका लिकर गैलरी का नाम सामने आ रहा है। इस फर्म के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शोभित यादव, पिता मूलचंद यादव का नाम बताया जा रहा है। आरोप हैं कि इस कारोबार से जुड़ा एक बड़ा नेटवर्क गुजरात तक सक्रिय है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह केवल आबकारी नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि अंतरराज्यीय स्तर पर शराब तस्करी से जुड़ा गंभीर मामला हो सकता है।

गुजरात तक सप्लाई नेटवर्क होने के आरोप, जांच एजेंसियां कब करेंगी खुलासा?

सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि शराब के गोदामों से निकलने वाले वाहनों की आवाजाही विभिन्न टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो सकती है।

यदि पुलिस और आबकारी विभाग इन वाहनों के रूट, टोल रिकॉर्ड, गोदामों के दस्तावेज और संबंधित व्यक्तियों के संपर्कों की निष्पक्ष जांच करें तो कथित नेटवर्क की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। सवाल यह है कि जब जांच के लिए संभावित साक्ष्य मौजूद होने की बात कही जा रही है, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दी?

खातेगांव टीआई दिलीप पुरी की शहादत से भी सबक नहीं?

इस पूरे मामले में सबसे गंभीर सवाल कानून व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा को लेकर है। खातेगांव टीआई दिलीप पुरी की शहादत के बाद भी यदि अवैध शराब कारोबार के संभावित नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है तो यह व्यवस्था की गंभीर विफलता होगी। आखिर सरकार और प्रशासन किसी दूसरी बड़ी घटना का इंतजार क्यों करें? अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई केवल घटना के बाद नहीं, बल्कि समय रहते होनी चाहिए।

आबकारी कमिश्नर और पुलिस मुख्यालय की भूमिका पर सवाल

मध्यप्रदेश के आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना के कार्यक्षेत्र में आने वाले इन कथित मामलों पर विभाग की निगरानी और कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के नेतृत्व वाले पुलिस मुख्यालय से भी अपेक्षा है कि गुजरात तक कथित रूप से जुड़े नेटवर्क की जांच के लिए संबंधित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। आखिर ऐसा कौन-सा कारण है कि संबंधित शराब ठेकों, गोदामों और वाहनों की गतिविधियों की व्यापक जांच अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई? क्या विभाग के पास पर्याप्त जानकारी नहीं है या फिर कार्रवाई की इच्छाशक्ति का अभाव है?

उज्जैन के नेताओं के संरक्षण की चर्चा, निष्पक्ष जांच से ही खुलेगा राज

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी सामने आ रही है कि उज्जैन से जुड़े कुछ प्रभावशाली राजनीतिक लोगों का इस कारोबार को संरक्षण प्राप्त है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि राजनीतिक प्रभाव से परे रहकर पूरे मामले की जांच कराए। यदि किसी भी स्तर पर संरक्षण या प्रशासनिक दबाव की भूमिका सामने आती है तो संबंधित लोगों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग के 500 मीटर दायरे में दुकानों का मामला भी जांच के घेरे में

शराब दुकानों की लोकेशन को लेकर भी गंभीर सवाल हैं। आरोप हैं कि संबंधित कारोबारी की कुछ दुकानें राष्ट्रीय राजमार्ग के 500 मीटर के प्रतिबंधित दायरे में संचालित हो रही हैं। नावदापंथ-माचल शराब दुकान को लेकर भी स्थानीय स्तर पर आपत्तियां सामने आई हैं। यदि दुकानों की वास्तविक स्थिति निर्धारित नियमों का उल्लंघन करती है तो आबकारी विभाग और संबंधित प्रशासन को तत्काल स्थल निरीक्षण कर वैधानिक कार्रवाई करनी चाहिए।

नावदापंथ-माचल दुकान पर आखिर इतनी मेहरबानी क्यों?

नावदापंथ-माचल शराब दुकान को लेकर उठ रहे सवालों ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय शिकायतों और नियमों के उल्लंघन के आरोपों की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई जा रही? क्या आम दुकानदारों के लिए नियम अलग हैं और प्रभावशाली ठेकेदारों के लिए अलग? यदि दुकान नियमों के अनुरूप है तो विभाग को दस्तावेजों के साथ स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और यदि उल्लंघन है तो कार्रवाई में देरी क्यों?

नशामुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प के बीच शराब कारोबार पर सवाल

देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा वर्ष 2029 तक मध्यप्रदेश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य की बात कही गई है। ऐसे में प्रदेश में शराब के अवैध कारोबार और कथित अंतरराज्यीय नेटवर्क के आरोप सरकार की मंशा और प्रशासनिक कार्रवाई के बीच सवाल खड़े करते हैं।

सरकार से सीधे सवाल

1. मां कालका लिकर गैलरी से जुड़े शराब ठेकों और गोदामों की अब तक कितनी जांच हुई?
2. शोभित यादव की अधिकृत भूमिका और कारोबार से जुड़े वाहनों की आवाजाही की जांच क्यों नहीं कराई जा रही?
3. गुजरात तक कथित शराब सप्लाई नेटवर्क के आरोपों की पुलिस और आबकारी विभाग ने क्या जांच की?
4. टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज और वाहन नंबरों की जांच कर नेटवर्क का खुलासा क्यों नहीं किया जाता?
5. नावदापंथ-माचल शराब दुकान की लोकेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधी नियमों की जांच कब होगी?
6. यदि किसी राजनीतिक व्यक्ति का संरक्षण सामने आता है तो क्या सरकार उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी?

अब कार्रवाई चाहिए, केवल कागजी जांच नहीं!

मध्यप्रदेश सरकार, पुलिस मुख्यालय और आबकारी विभाग के सामने यह मामला एक बड़ी प्रशासनिक परीक्षा बनकर खड़ा है।

आरोपों की निष्पक्ष जांच हो

संबंधित ठेकों और गोदामों का भौतिक सत्यापन कराया जाए, वाहनों के टोल रिकॉर्ड खंगाले जाएं और गुजरात से जुड़े संभावित नेटवर्क की वित्तीय एवं आपराधिक कड़ियों की पड़ताल हो। सवाल किसी एक शराब ठेकेदार का नहीं, बल्कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, आबकारी नियंत्रण और प्रशासनिक जवाबदेही का है।

यदि आरोप निराधार हैं तो जांच में सच्चाई सामने आएगी

लेकिन यदि इनके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है तो उसे राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में फलने-फूलने की छूट नहीं मिलनी चाहिए।







आबकारी कमिश्नर दीपक सक्सेना



अभिषेक तिवारी सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, मंगलवार 17 नवम्बर 2026

इंदौर-दाहोद रेल परियोजना को बड़ी कामयाबी

टीही-धार रेलखंड पर यात्री और मालगाड़ी संचालन को मिली हरी झंडी



पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेल संरक्षा आयुक्त ने 5 एवं 6 नवंबर को टीही से धार स्टेशन तक रेलखंड का ट्रॉली और पैदल निरीक्षण किया था।

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

पीथमपुर। इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना को बड़ी उपलब्धि मिली है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत टीही से धार तक नवनिर्मित लगभग 47 किलोमीटर लंबे रेलखंड को रेल संरक्षा आयुक्त, पश्चिम परिमंडल ने यात्री और मालगाड़ी परिचालन के लिए नियमित रूप से खोलने की अनुमति दे दी है। इस दौरान रेल लाइन, संरक्षा व्यवस्था और तकनीकी मानकों का परीक्षण किया गया। विद्युत लोकोमोटिव के माध्यम से गति परीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान सामने आई टिप्पणियों के अनुपालन में रेलवे ने आवश्यक स्पष्टीकरण और अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर नियमित यात्री एवं मालगाड़ी परिचालन की अनुमति प्रदान कर दी। टीही-धार रेलखंड पर मालगाड़ी परिचालन की अनुमति पीथमपुर के औद्योगिक क्षेत्र के लिहाज से विशेष महत्व रखती है। पीथमपुर में ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, फार्मा, मैन्युफैक्चरिंग और अन्य क्षेत्रों की बड़ी औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं। रेल परिवहन का विकल्प मजबूत होने से उद्योगों को भारी मात्रा में माल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त सुविधा मिल सकती है। सड़क परिवहन पर निर्भरता कम करने, लॉजिस्टिक्स लागत को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने और माल की लंबी दूरी की आवाजाही को सुगम बनाने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार,

नवनिर्मित मुख्य रेल लाइन पर अधिकतम 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से रेल परिचालन किया जा सकेगा। वहीं टनल वाले हिस्से में अधिकतम गति सीमा 80 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है।

भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा देपालपुर, खाटू श्याम मंदिर का तीन दिवसीय प्रथम वार्षिक महोत्सव संपन्न



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। नगर के शांति विहार कॉलोनी स्थित देपालपुर नरेश खाटू श्याम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वार्षिक महोत्सव का सोमवार को विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन शाम 5 बजे से आयोजित विशाल भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।श्याम सेवा मित्र मंडल समिति के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के प्रथम दिन शनिवार को शांति विहार कॉलोनी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

दूसरे दिन रविवार को सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। शाम को श्याम कीर्तन में भजन प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को शाम 5 बजे से विशाल नगर भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में चावल, सब्जी, पूरी, सेव-मिचर एवं नुक्ती सहित विभिन्न व्यंजनों की प्रसादी तैयार की गई थी। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर अनुशासित तरीके से प्रसादी ग्रहण की।

आयुक्त ने जलप्रदाय व्यवस्था के संबंध में बैठक ली

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

इंदौर। आयुक्त क्षितिज सिंघल ने स्मार्ट सिटी परियोजना एवं निगम जलप्रदाय विभाग के अंतर्गत शहर में किए गए पाइपलाइन संबंधी कार्यों की नेहरू पार्क स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की। बैठक में अपर आयुक्त अर्थ जैन एवं आशीष पाठक, स्मार्ट सिटी के अधिकारीगण तथा जल प्रदाय विभाग के संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं अन्य इंजीनियर उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त सिंघल ने स्मार्ट सिटी एवं जलप्रदाय विभाग के मध्य आपसी समन्वय स्थापित कर पाइपलाइन के शेष कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा कार्यों के क्रियान्वयन में दोनों विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने



दोनों विभागों को संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान जलप्रदाय व्यवस्था का परीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नई एवं पुरानी दोनों पाइपलाइनों के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा है, वहां पुरानी पाइपलाइन को नियमानुसार डिस्कनेक्ट कर नई पाइपलाइन के माध्यम से जलप्रदाय प्रारंभ किया जाए। इससे नई पाइपलाइन का पूर्ण एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होने के साथ ही नागरिकों को सुचारु एवं व्यवस्थित जलप्रदाय उपलब्ध कराया जा सकेगा। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के प्रतिबंध के बाद भी देपालपुर तहसील में हर गांव में धड़ल्ले से हो रही बोरिंग,

रात के अंधेरे में भी चल रहा अवैध खेल

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। जिले में बोरिंग पर कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रतिबंध के बाद भी देपालपुर तहसील में अवैध बोरिंग का काम थमने का नाम नहीं ले रहा है। तहसील के हर गांव में कहीं दिन के उजाले में तो कहीं रात के अंधेरे में अवैध रूप से बोरिंग का काम धड़ल्ले से जारी है। प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही बोरिंग मशीनें मौके से रवाना हो जाती हैं, जिससे प्रतिबंध केवल कागजों तक सिमट कर रह गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार

सोमवार को भी देपालपुर तहसील में दो स्थानों पर अवैध बोरिंग हुई। कटकोदा गांव में जूनागढ़ रोड पर बोरिंग मशीन चलती रही। इसी तरह बनेडिया में नांद्रा के रास्ते कांकड़ पर भी बोरिंग का काम किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। तहसील के अधिकांश गांवों में इसी तरह खुलेआम बोरिंग हो रही है। दिन में कार्रवाई का डर रहता है तो रात के अंधेरे में मशीनें लगा दी जाती हैं।देपालपुर गैर न्यायिक तहसीलदार योगेश मेश्राम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचते हैं, तब तक बोरिंग मशीन रवाना हो जाती है। इससे प्रशासन की कार्रवाई प्रभावी नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बोरिंग करने वालों को पहले से ही कार्रवाई की भनक लग जाती है। इस कारण मौके पर पहुंचने पर केवल बोरिंग के निशान ही मिलते हैं, मशीन नहीं।ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि बोरिंग पर प्रतिबंध का उद्देश्य भूजल स्तर को बचाना है। लेकिन देपालपुर तहसील में प्रतिबंध का पालन नहीं हो रहा है। लगातार हो रही बोरिंग से आने वाले समय में पेयजल संकट और गहरा सकता है। खेतों में सिंचाई के लिए भी भूजल पर दबाव बढ़ रहा है। इसके बाद भी अवैध बोरिंग पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।इस मामले में एसडीएम चरणजीत सिंह हुड्डा को बोरिंग पर प्रतिबंध के उद्देश्य के साथ काम करना होगा तो उन्हें बोरिंग स्क्वायड का गठन करना चाहिए। इस स्क्वायड को सेक्टर स्तर पर स्थापित करना पड़ेगा, तभी बोरिंग पर रोकथाम संभव है। सेक्टर स्तर पर टीम रहने से सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई हो सकेगी और मशीनों को मौके पर ही पकड़ा जा सकेगा।ग्रामीणों ने मांग की है कि तहसील में बोरिंग पर लगे प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाए। अवैध बोरिंग करने वालों और मशीन संचालकों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही रात में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि अंधेरे का फायदा उठाकर होने वाली बोरिंग पर भी रोक लग सके।

कार्तिक माह में चंद्रमोलेश्वर रजत पालकी में विराजित होकर प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। श्रावण-भाद्रपद माह की तरह महाकालेश्वर भगवान की कार्तिक माह में पहली सवारी सोमवार सायं 4 बजे महाकालेश्वर मंदिर से निकाली गई।

सवारी निकलने के पूर्व मंदिर के सभामण्डप में भगवान चंद्रमोलेश्वर का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। पूजन पुजारी विकास शर्मा ने किया। सवारी जैसे ही मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची, पालकी में विराजित भगवान चंद्रमोलेश्वर को पुलिस के जवानों ने सलामी दी। तत्पश्चात भगवान चंद्रमोलेश्वर अपनी प्रजा का हाल जानने भ्रमण पर निकले। कार्तिक माह की प्रथम सवारी महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट क्षिप्रा तट पहुंची। जहां भगवान चंद्रमोलेश्वर का मां क्षिप्रा के जल से पूजन-अर्चन किया गया। पूजन-अर्चन के पश्चात सवारी रामघाट से गंधर्व घाट, गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्य-नारायण मंदिर, ढाबा रोड, छत्री चौक, गोपाल मंदिर पहुंची। गोपाल मंदिर पर पूजन पश्चात सवारी पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। सवारी मार्ग पर खड़े श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। सवारी के आगे-आगे तोपची कड़ाबीन के माध्यम से राजाधिराज के आगमन की सूचना देते हुए चल रहे थे। सवारी में मंदिर के पुजारी एवं पुरोहित, महाकालेश्वर मंदिर बैण्ड, पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान, भजन मंडलियां व धर्मपरायण जनता महाकालेश्वर का गुणगान करते चल रहे थे। सवारी में कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह, प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक, पुलिस



अधीक्षक प्रदीप शर्मा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, उज्जैन जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस मुकुट आदि सम्मिलित हुए। महाकालेश्वर भगवान की कार्तिक एवं अगहन माह में निकलने वाली सवारियां क्रमशः द्वितीय सवारी सोमवार, 23 नवंबर 2026, तृतीय सवारी सोमवार, 30 नवंबर 2026, चतुर्थ सवारी सोमवार, 07 दिसंबर 2026 को होगी एवं 22 नवंबर 2026 रविवार को रात्रि 11 बजे हरिहर मिलन सवारी निकाली जाएगी।

मनावर में खेड़ापति हनुमान मंदिर से जागेश्वर मंदिर तक होगा विकास कार्य





राजू देवड़ा
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

मनावर। नगर के वार्ड क्रमांक 08 में खेड़ापति हनुमान मंदिर से जागेश्वर मंदिर तक अधोसंरचना विकास कार्य के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। इस विकास कार्य की लागत 11 लाख 36 हजार 671 रुपये बताई गई है। कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र के रहवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर मनावर विधायक डॉ. हीरालाल अलावा, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मी जाट, पार्षद जिमी सावनेर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित खटोड़ सहित अरुण गर्ग, ईश्वरलाल शर्मा, योगेश पांडे, योगेश जख्मी, बालकृष्ण भार्गव, मनीष नामदेव, सोहन मंडलोई सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

प्रतिमाओं के निर्माण और स्थापना कार्य

महापुरुषों की प्रतिमाओं से संवरेंगे चौराहे 15 जगहों पर लेफ्ट टर्न होंगे व्यवस्थित

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

सोमवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में महापौर सभाकक्ष में यातायात विभाग की समीक्षा बैठक हुई जिसमें शहर के प्रमुख चौराहों को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं के जरिए शहर की पहचान को नया स्वरूप देने की तैयारी पर चर्चा की गई।



इंदौर। बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल, अटल बिहारी वाजपेयी और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं के निर्माण और स्थापना कार्यों की समयसीमा तय की गई और 15 स्थानों पर लेफ्ट टर्न और चौराहों के विकास कार्यों के साथ आठ पार्किंग साइटों के टेंडर और संचालन व्यवस्था की समीक्षा की गई। पटेल चौराहे पर स्थापित की जा रही सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का लोकार्पण 15 दिसंबर को किया जाएगा और सभी काम 30 नवंबर तक पूरे करने के निर्देश दिए गए। दशहरा मैदान परिसर में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है जिसका अनावरण 25 दिसंबर को उनकी जयंती के अवसर पर किया जाएगा और शेष कार्य 15 दिसंबर तक पूरे करने के निर्देश दिए गए। सिरपुर स्थित देवी अहिल्या उद्यान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने का कार्य अगले 50 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

नेहरू पार्क में एसजीएसआईटीएस कॉलेज के पास निर्माणाधीन चंद्रयान की प्रतिकृति के शेष कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। यातायात दबाव को कम करने के लिए खालसा चौराहा, कनाड़िया रोड पर भंडारी रिसोर्ट के पास लेफ्ट टर्न, खजराना चौराहा, वर्ल्ड कप चौराहा, हाईकोर्ट चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा, लोखंडे ब्रिज चौराहा, नगर निगम चौराहा, एमआर-10 चौराहा, तीन इमली चौराहा, गोपुर चौराहा, रसोमा चौराहा, मृगनयनी चौराहा, सत्यसाईं चौराहा और स्कीम नंबर-54 स्थित किंग्स डेयरी लेफ्ट टर्न के कार्यों की समीक्षा की गई और हरसिद्धि चौराहे के विकास कार्य पर भी चर्चा हुई।

पार्किंग व्यवस्था को लेकर महाराजा कॉम्प्लेक्स, सरवटे बस स्टैंड पार्किंग, स्कीम नंबर-54 में सत्यसाईं स्कूल के पास पार्किंग, पालिका प्लाजा, रघुनाथ पेट्रोल पंप पार्किंग, बजाजखाना चौक की बहुमंजिला पार्किंग, कोठारी मार्केट पार्किंग और प्रेमसुख टॉकीज के पास स्थित पार्किंग की टेंडर प्रक्रिया और संचालन व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

सिंहस्थ-2028

तीन ब्रिज निर्माण कार्यों का निरीक्षण





विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत सोमवार को संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने तीन निर्माणाधीन ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने लालपुर-मक्सी मार्ग पर अतिरिक्त आरओबी, उज्जैन-मक्सी मार्ग पर आईटीआई के सामने टूलेन अतिरिक्त आरओबी और इंदौर रोड तपोभूमि से हामूखेड़ी मार्ग पर शिप्रा नदी पर बन रहे पुल का अवलोकन किया। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी जांची। संभागायुक्त ने सभी कार्य टाइमलाइन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देश पर बंजली चौराहा एवं सेजावता फंटा के स्पीड ब्रेकर हटाए गए

रतलाम। कलेक्टर अजय कटेसरिया की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ने त्वरित कार्रवाई की।रतलाम-सैलाना-बांसवाड़ा राज्य राजमार्ग पर बंजली चौराहा एवं सेजावता फंटा स्थित स्पीड ब्रेकर हटा दिए गए हैं। बैठक में कलेक्टर कटेसरिया ने सड़क सुरक्षा एवं वाहनों के सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक स्पीड ब्रेकर हटाने तथा आवश्यक स्थानों पर निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में निगम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों स्थानों के स्पीड ब्रेकर हटाए, जिससे मार्ग पर वाहनों का आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा।



देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने प्रशासन अलर्ट

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। 20 नवंबर को देवउठनी ग्यारस पर बड़ी संख्या में विवाह आयोजनों को देखते हुए प्रशासन ने बाल विवाह रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। ग्रामीण और आदिवासी अंचलों पर विशेष नजर रहेगी। अभियान के तहत गांव-गांव में शिक्षक, स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और पंचायत प्रतिनिधियों के सूचना एवं निगरानी दल गठित किए जा रहे हैं।

सामूहिक विवाह स्थलों पर

विशेष निगरानी रखी जाएगी और आशंका वाले परिवारों को समझाइश दी जाएगी। परियोजना अधिकारी डॉ. अनिता जोशी ने बताया कि बाल विवाह कराने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत माता-पिता के साथ पंडित, प्रिंटर, बैंड-बाजा संचालक सहित सहयोगियों पर भी कार्रवाई होगी। सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और आपातकालीन सेवा 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्तिक-अगहन मास में महाकालेश्वर की सवारियों की तैयारियों को लेकर सवारी मार्ग का निरीक्षण

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। कार्तिक-अगहन मास में भगवान महाकालेश्वर की निकलने वाली पारंपरिक सवारियों के सुचारु आयोजन की तैयारियों के तहत मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने सोमवार को संपूर्ण सवारी मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कौशिक ने महाकाल रोड, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी, रामघाट, क्षिप्रातट, गंधर्व घाट, गणगौर दरवाजा, मोड़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा तक के मार्ग का जायजा लिया। उन्होंने मार्ग पर चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों, सड़क की स्थिति, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सवारी मार्ग की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं।





प्रशासक ने कहा कि महाकालेश्वर की सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगमता सर्वोच्च प्राथमिकता है। सवारी मार्ग पर स्वच्छता, निर्बाध प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, उचित बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं, ताकि सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक संदीप परमार द्वारा उदयरत्न ऑफसेट 170/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड, उज्जैन से मुद्रित एवं 215, सोमानी नगर, एयरपोर्ट 60 फीट रोड, इंदौर (म.प्र.) 452005 से प्रकाशित।
सनातन दवदी (स्थानीय संपादक)/ उत्कर्ष जैन-(जीवन डोडिया-9926084685) RNI No. MPHIN/25/A4357- (सभी विवादों का क्षेत्र इंदौर रहेगा)- (नोट : पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)-मो. 7000928755 E-mail:- vishwanathsamachar@gmail.com